भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 636
03.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

जीओआईस्टैट्स मोबाइल एप्लिकेशन

636. डॉ. भोला सिंहः
श्री आशीष दुबेः
श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जीओआईस्टैट्स मोबाइल एप्लिकेशन के मुख्य उद्देश्य और वर्तमान उपयोगकर्ता पहुंच क्या हैं;

(ख) एप्लिकेशन पर वर्तमान में उपलब्ध प्रमुख सामाजिक-आर्थिक सूचकांक का ब्यौरा क्या है;

(ग) डेटा डिसएग्रीगेशन और विजुअलाइजेशन विशेषताओं को सुदृढ़ करने हेतु सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यह मंच वलसाड लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित विशेष रूप से गुजरात में उपयोगकर्ताओं के लिए पारदर्शिता में सुधार और आधिकारिक आंकड़ों तक पहुंच में सरलता के लिए अन्य सरकारी आंकड़ा पोर्टलों का किस प्रकार पूरक है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) उपयोगकर्ताओं को मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आधिकारिक सांख्यिकीय डेटा तक सुगम पहुंच प्रदान करने के लिए जीओआईस्टैट्स मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है। मोबाइल एप्लिकेशन एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। वर्तमान में मोबाइल एप्लिकेशन के 14,000 से अधिक डाउनलोड हैं।

(ख) राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण, अनिगमित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण और आर्थिक गणना जैसे 8 सांख्यिकीय उत्पादों के डेटा 11 सामाजिक आर्थिक संकेतकों को शामिल करते हुए मोबाइल एप्लिकेशन के एंड्रॉइड संस्करण पर उपलब्ध कराए गए हैं। मोबाइल एप्लिकेशन के आईओएस संस्करण में आर्थिक गणना को छोड़कर उपरोक्त सभी सांख्यिकीय उत्पाद हैं और तदनुसार इसके डेटा 10 सामाजिक आर्थिक संकेतकों पर हैं ।

(ग) नई विजुअलाइज़ेशन और डेटा डिसएग्रीगेशन की ऑनबोर्डिंग एक सतत प्रक्रिया है और मोबाइल एप्लिकेशन में नए डेटासेट अथवा अन्य कोई परिवर्धन किए जाने पर अद्यतन संस्करण जारी किए जाते हैं।

(घ) आधिकारिक आंकड़ों के डेटासेट तक सुगम पहुंच को सक्षम बनाने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन के `माध्यम से एक नया चैनल खोला गया है जो गुजरात के उपयोगकर्ताओं सहित देशभर में उपयोगकर्ताओं के लिए तुरंत डेटा का एक त्वरित स्नैप शॉट प्रदान करके डेटा एक्सेस/पोर्टल के अन्य चैनल के पूरक के रूप में है ।

****